**Regarding introduction of special train connecting Bhind with Delhi and Bhopal via Etawah**

श्रीमती संध्या राय (भिण्ड) **:** सभापति महोदय, मैं एक बहुत महत्वपूर्ण विषय पर माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ । यह बहुत गंभीर विषय है । मेरा लोक सभा क्षेत्र भिण्ड, मैं समझती हूँ कि यह बहुत पिछड़ा क्षेत्र हैं । वर्तमान में भिण्ड न तो देश की राजधानी से जुड़ा हुआ है और न भोपाल की राजधानी मध्य प्रदेश से जुड़ा हुआ है । इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहती हूँ कि हमारे भिण्ड क्षेत्र में लाखों किसान हैं, व्यापारी हैं, मातृ शक्ति हैं, युवा हैं और कई श्रमिक भाई हैं, जो अन्य जगहों पर काम के सिलसिले में बाहर जाते हैं । इसलिए मैं आग्रह करना चाहती हूँ कि एक स्पेशल ट्रेन दिल्ली से इटावा होते हुए चलाई जाए, जिससे इटावा क्षेत्र भी जुड़े और वह भिण्ड तक आए तथा भिण्ड से ग्वालियर, गुना और शिवपुरी होते हुए भोपाल जाए । इससे मेरा क्षेत्र दोनों राजधानियों से कनेक्ट हो जाएगा । जब भी मुझे दिल्ली आना होता है या भोपाल जाना होता है तो मुझे भी ग्वालियर आकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है । इससे मेरे दो से ढाई घंटे खराब होते हैं और आम जनता भी परेशान रहती है । इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करती हूँ कि दोनों राजधानियों को जोड़ने का जो विषय है, उनको चाहे तो वंदे भारत ट्रेन से जोड़ा जाए, चाहे वंदे भारत स्लीपर ट्रेन से जोड़ा जाए या फिर कोई स्पेशल ट्रेन चलाकर इटावा, भिण्ड और भोपाल तक उन्हें जोड़ा जाए ।